भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3954 का उत्तर

ठसके वाली रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण

3954. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में गोहाना-मेहम मार्ग पर ठसके वाली रेलवे लेवल क्रॉसिंग के बार-बार बंद होने के कारण गंभीर ट्रैफिक जाम होता है, दुर्घटनाओं का जोखिम रहता है और एम्बुलेंस, स्कूली छात्रों और किसानों को अत्यधिक असुविधा होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए कोई सर्वेक्षण, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अथवा मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है और यदि हां तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने जुलाना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 20423/20424 और 15909/15910 (अवध असम एक्सप्रेस) का ठहराव प्रदान करने की मांग पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) जनहित तथा यात्रियों की सुविधा के लिए इन दोनों मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) संरक्षा के साथ-साथ परिचालनिक दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से, समपार को या तो समपारों के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल बनाकर या सीधे बंद करके (कम यातायात वाले समपारों के लिए) या स्थान की स्थितियों के आधार पर सड़क यातायात का

नजदीकी ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल/समपार की ओर परिवर्तित करके समाप्त किया जाता है।

वर्ष 2004-14 की अवधि कि तुलना में वर्ष 2014-26 (मई 2026 तक) के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026 तक)	14,451 अदद (553 अदद हरियाणा राज्य में)

दिनांक 01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग ₹1,17,492 करोड़ की लागत से 4,993 ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें हरियाणा राज्य में लगभग ₹2899 करोड़ की लागत पर स्वीकृत 166 ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल के कार्य भी शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

सोनीपत संसदीय क्षेत्र में 113 ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल स्थित हैं। इसके अलावा, सोनीपत संसदीय क्षेत्र में लगभग ₹ 70 करोड़ की लागत से 07 ऊपरी पुल/सड़क निचले पुल कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जो योजना और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

रोहतक जंक्शन-पानीपत जंक्शन खंड के गोहाना यार्ड में किमी 300/3-4 पर स्थित समपार संख्या 29 (ठसके वाली रेलवे क्रॉसिंग) को समाप्त करने के लिए, इसके स्थान पर सड़क ऊपरी पुल/सड़क निचले पुल के निर्माण हेतु तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। गाड़ी परिचालन में संरक्षा, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव तथा व्यवहार्यता आदि के आधार पर ऐसे कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करके उन्हें शुरू किया जाता है।

ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों का पूरा होना और चालू होना कई कारकों जैसे समपार को बंद करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग संरेखण का निर्धारण, सामान्य व्यवस्था आरेखण का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण को हटाना, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृति,

परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना/क्षेत्र विशेष में एक वर्ष में कार्य करने के मौसम की समयावधि आदि पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों को पूरा करने के समय को प्रभावित करते हैं।

रेलवे ने कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैः

i. **सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।**
ii. **ऊपरी/निचले सड़क पुलों कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को सुलझाने के लिए रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ आवधिक बैठकें की जाती हैं।**
iii. **डिजाइन के अनुमोदन के दौरान विलंब से बचने के लिए रेलवे के हिस्से में स्पैन के विभिन्न संयोजनों, तिर्यकता और सड़क की चौड़ाई के अधिसंरचना और उपसंरचना के आरेखणों का मानकीकरण किया गया है। इसे सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुल निर्माण के लिए त्वरित योजना बनाने हेतु सीधे अपनाया जा सकता है।**

वर्तमान में, जुलाना स्टेशन 21 गाड़ी सेवाओं से सेवित हैं, जो अन्य स्थानों के अलावा दिल्ली, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा, चेन्नै, गांधीनगर, कन्याकुमारी जैसे गंतव्यों के लिए सीधी सम्पर्कता प्रदान करता है।

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	14023 दिल्ली -कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस
2	14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली एक्सप्रेस
3	16032 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-एम. जी. आर चेन्नै सेंट्रल एक्सप्रेस
4	16318 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
5	16788 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
6	19411 गांधीनगर कैपिटल-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस
7	19412 दौलतपुर चौक-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस
8	54023 रोहतक-जींद पैसेंजर
9	54024 जींद-दिल्ली पैसेंजर
10	54031 दिल्ली-जींद पैसेंजर

11	54032 जींद-दिल्ली पैसेंजर
12	54033 शकूरबस्ती-नरवाना पैसेंजर
13	54034 जींद-दिल्ली पैसेंजर
14	54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर
15	54036 जाखल-शकूरबस्ती पैसेंजर
16	64912 जींद-न्यू दिल्ली मेमू
17	64915 न्यू दिल्ली-जींद मेमू
18	64931 दिल्ली-जींद मेमू
19	64932 जींद-दिल्ली मेमू
20	74015 रेवाड़ी-जींद डेमू
21	74016 जींद-रेवाड़ी डेमू

इसके अलावा, 20423/20424 सिवनी-फिरोजपुर कैंट पातालकोट एक्सप्रेस और 15909/15910 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम एक्सप्रेस का जींद (जुलाना के पास) में निर्धारित ठहराव है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल पर ठहराव प्रदान करना एक सतत् प्रक्रिया है, जो परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, यातायात औचित्य आदि पर निर्भर करती है।

******